# बालोतरा में अवैध डोडा पोस्त सहित आरोपी गिरफ्तार

**बालोतरा**, (निसं)। बालोतरा पुलिस ने गुरुवार को रहवासी ढाणी में दबिश देकर 47.585 किलोग्राम अवैध डोडा जब्त कर आरोपी तस्कर निंबाराम को गिरफ्तार किया।

पुलिस अधीक्षक जिला बालोतरा रमेश आईपीएस ने बताया कि गोपालसिंह भाटी आरपीएस, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बालोतरा एवं अशोक जोशी आरपीएस, वृताधिकारी पचपदरा के निकट सुपर विजन में अमराराम निपु. थानाधिकारी पचपदरा एवं इमरान खान उनि. प्रभारी डीएसटी बालोतरा के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा मुखबीर सूचना पर सरहद चैकडियों की ढाणी गोल स्थित एक रहवासी ढाणी पर दबिश देकर ढाणी में छुपाकर रखे हुए 47.585 किलोग्राम अवैध डोडा पोस्त जब्त कर आरोपी निंबाराम को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

ज्ञात रहे कि थानाधिकारी पचपदरा को टेलीफोन के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई कि निंबाराम निवासी चैकडियों की ढाणी, गोल की रहवासी ढाणी में भारी मात्रा में अवैध डोडा पोस्त छुपाकर रखा गया है। सूचना विश्वसनीय एवं गंभीर होने से थानाधिकारी मय जाब्ता तत्काल मौके के लिए रवाना हुए।

मौके पर पहुंचकर निंबाराम की ढाणी पर दबिश दी गई तो घर की तलाशी के दौरान तीन अलग-अलग प्लास्टिक के कट्टों में कुल 47.585 किलोग्राम अवैध डोडा पोस्त बरामद हुआ।

बरामद मादक पदार्थ को नियमानुसार जब्त किया गया तथा मौके पर उपस्थित आरोपी निंबाराम को मादक पदार्थ अधिनियम के तहत गिरफ्तार किया गया।

आरोपी निंबाराम की ढाणी, जो चैकड़ियों की ढाणी गोल में स्थित है, रेतीले धोरों के बीच अत्यंत दुर्गम स्थल पर बनी हुई है, जहाँ तक सामान्य वाहनों का पहुंचना भी कठिन है। इसी एकांत व दुर्गमता का लाभ उठाकर कुख्यात तस्कर खुमाराम ने निंबाराम से मित्रता स्थापित की और अवैध डोडा पोस्त को निंबाराम के घर पर छुपाकर रखने का सिलसिला शुरू किया। खुमाराम निंबाराम को डोडा पोस्त बेचने हेतु वाजिब दाम पर उपलब्ध करवाता था और अतिरिक्त रूप से 10,000 से 15,000 रूपए प्रति माह देता था। इस लालच में आकर निंबाराम ने अपने घर को मादक पदार्थों की अवैध तस्करी का अड्डा बना लिया। डीएसटी बालोतरा आरोपी तस्कर खुमाराम के पीछे लगी हुई थी। पुलिस टीम को चकमा देकर खुमाराम अपने ब्रेजा वाहन से निंबाराम के घर आया और डोडा पोस्त रखकर तुरंत भाग गया। विश्वसनीय सूचना पर पुलिस टीम द्वारा त्वरित दबिश देकर अवैध मादक पदार्थ को जब्त किया गया। खुमाराम अपने वाहन की सीटें निकलवाकर उनमें अधिक मात्रा में डोडा पोस्त छुपाकर परिवहन करता था। मौके से स्कॉर्पियो वाहन की निकाली गई सीटें भी बरामद की गई हैं।

पुलिस ने बताया कि निंबाराम पुत्र टीकमाराम जाति प्रजापत उम्र 24 साल पैशा सिलाई कार्य निवासी चैकडियों की ढाणी गोल पुलिस थाना पचपदरा जिला बालोतरा को गिरफ्तार किया।

## पुलिस ने चोरी के आरोपियों को गिरफ्तार किया

**मंडार**, (निसं)। पुलिस ने अमरापुरा गांव में हुई चोरी के मामले में एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है पुलिस पहले ही दो आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है।

थाना अधिकारी रवींद्रपॉल सिंह के अनुसार गोवा राम का परिवार उसके भाई के घर निमतलाई गांव गया था अगली सुबह लौटने पर उन्होंने देखा कि घर का बाहरी ताला टूटा हुआ था छत का छप्पर भी टूटा हुआ था घर के अंदर से चांदी के जेवरात व नगदी गायब थी पुलिस की जांच में हड़मतिया मंडार निवासी हरजी राम पुत्र कालू राम भील को पकड़ा गया।

पूछताछ में उसने अपने साथियों के साथ चोरी करना स्वीकार किया। इससे पहले पुलिस दशरथ लुहार और हरि राम भील को गिरफ्तार कर चुकी है। चोरी के माल की बरामदगी के लिए आरोपियों से पूछताछ जारी रही है।

# बाबा की नगरी रामदेवरा में नेत्र जांच सहित कई सेवाएं

■ सक्षम ने मोबाइल नेत्र चिकित्सा वैन को धर्मशालाओं और ठहराव स्थलों तक पहुंचाने की अपनी व्यवस्था की

**पोकरण/रामदेवरा**, (निसं)। रामदेवरा स्थित लोकदेवता बाबा रामदेव नेत्रकुंभ 2025 में मोबाइल नेत्र चिकित्सा वैन सेवा की शुरुआत हुई। लोकदेवता बाबा रामदेव की तपोभूमि रामदेवरा में इस समय देशभर से लाखों श्रद्धालु पहुँच रहे हैं। हर वर्ष की भाँति इस बार भी श्रद्धालुओं के लिए अनेक सेवाएँ और व्यवस्थाएँ की जा रही हैं।

इन्हीं सेवाओं में सबसे विशेष और उल्लेखनीय है सक्षम संस्थान द्वारा आयोजित लोकदेवता बाबा रामदेव नेत्रकुंभ 2025 नेत्रकुंभ के अंतर्गत हजारों लोगों को नेत्र जाँच, दवा और चश्मा उपलब्ध करवाए जा रहे हैं लेकिन इस वर्ष सक्षम ने एक और महत्वपूर्ण और अनूठी पहल की है। धर्मशालाओं तक पहुंची चिकित्सा सुविधा , कई श्रद्धालु भीड, दूरी या स्वास्थ्य कारणों से नेत्र शिविर तक नहीं पहुँच पाते। इन्हीं को ध्यान में रखते हुए सक्षम ने मोबाइल नेत्रचिकित्सा वैन को सीधे धर्मशालाओं और ठहराव स्थलों तक पहुँचाने की व्यवस्था की है।आज वैन रामदेवरा की प्रमुख धर्मशालाओं रेगर समाज धर्मशाला ,रावण राजपूत समाज धर्मशाला, बैरवा समाज धर्मशाला, जीनगर समाज धर्मशाला में पहुँची, जहाँ ठहरे यात्रियों की निन्शुल्क नेत्र जाँच, परामर्श, दवा और चश्में उपलब्ध कराए गए। चलित नेत्र केंद्र हर सुविधा एक ही जगह यह मोबाइल वैन किसी साधारण वाहन की तरह नहीं, बल्कि एक संपूर्ण चलित नेत्र केंद्र है। इसमें नवीनतम नेत्र जाँच मशीनें ,पूर्ण नेत्र परीक्षण के उपकरण दवाओं का पर्याप्त भण्डार, योग्य नेत्र चिकित्सक और प्रशिक्षित नेत्र सहायक हमेशा मौजूद रहते हैं। इस प्रकार यात्रियों को वही सेवा उनके निवास स्थल पर मिल रही है, जो उन्हें शिविर में मिलती। सक्षम का यह प्रयास सेवा भाव ही सच्ची साधना है की भावना को प्रत्यक्ष रूप से दर्शाता है। वयोवृद्ध, असहाय और ऐसे श्रद्धालु जो चलने-फिरने में कठ्ठिनाई के कारण शिविर तक नहीं पहुँच पाते, उनके लिए यह सेवा किसी वरदान से कम नहीं है।मोबाइल नेत्र चिकित्सा वैन सचमुच इस कहावत को चरितार्थ कर रही है नेत्र चिकित्सा आपके द्वारा। मरीजों की बढती संख्या सेवा का प्रमाण,आज दिनांक 21 अगस्त को केवल एक ही दिन में 265 नेत्र मरीजों की जांच मोबाइल वैन द्वारा की गई। इनमें कई बुजुर्ग, महिलाएँ और दूर-दराज से आए यात्री शामिल थे। सभी को उनकी आँखों की स्थिति के अनुसार दवाएँ और चश्में प्रदान किए गए। सेवा का सामाजिक महत्त्व नेत्रकुम्भ की यह पहल न केवल एक धार्मिक आयोजन को सामाजिक सेवा से जोडती है, बल्कि यह भी सिद्ध करती है कि समाज का वास्तविक उत्थान तभी संभव है जब सेवाएँ हर जरूरतमंद तक पहुँचें।मोबाइल वेन नेत्र चिकित्सा का यह प्रयास नेत्रों में प्रकाश, जीवन में विश्वास के उद्देश्य को मजबूत बनाता है। बुधवार को 3090 लोगों का पंजीयन हुआ, 2956 लोगों को नि:शुल्क परामर्श प्रदान किया गया, 2397 लोगों को नि:शुल्क चश्में ओर 2483 रोगियों को नि:शुल्क दवाइयाँ प्रदान की गई। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जोधपुर प्रान्त सह-कार्यवाह धन्नाराम का नेत्रकुम्भ में आगमन हुआ। उन्होंने सम्पूर्ण परिसर का निरीक्षण किया और स्वयं की भी आँखों की जाँच करवाई। तीर्थ नगरी रामदेवरा में एक नई पहल कोई बाबा का भगत बिगर नेत्र जांच, वह डॉक्टर की परामर्श के बिना नहीं रहे, सक्षम संस्थान ने घोषणा की है कि आने वाले दिनों में भी यह मोबाइल वैन रामदेवरा की विभिन्न धर्मशालाओं और ठहराव स्थलों पर जाएगी, ताकि एक भी यात्री बिना नेत्र जाँच और परामर्श के न रहे।

## सार-समाचार

### वरिष्ठजनों के लिए जागरूकता शिविर

**बालोतरा**, (नि.सं.)। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर के निर्देशानुसार, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बालोतरा सचिव श्री सिद्धार्थ दीप ने आज ग्राम पंचायत तिलवाड़ा में वरिष्ठ नागरिकों के अधिकारों और साइबर सुरक्षा पर एक विशेष जागरूकता शिविर का आयोजन किया। शिविर का मुख्य उद्देश्य वरिष्ठ नागरिकों को उनके कानूनी और सामाजिक अधिकारों के बारे में जागरूक करने के साथ-साथ उन्हें आजकल बढ़ रहे साइबर अपराधों से सुरक्षित रहने के तरीके बताना था। सचिव ने माता-पिता और वरिष्ठ नागरिक भरण-पोषण एवं कल्याण अधिनियम, 2007 के तहत वरिष्ठ नागरिकों के भरण-पोषण, कल्याण, संपत्ति के अधिकार और अन्य कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि किस तरह वे कानूनी सहायता प्राप्त कर सकते हैं और सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं का लाभ उठा सकते हैं। इसके अतिरिक्त, शिविर में साइबर सुरक्षा पर विशेष ध्यान दिया गया। उपस्थितजन को ऑनलाइन धोखाधड़ी, फिशिंग, अज्ञात नंबरों से आने वाले कॉल्स और एसएमएस, और ओटीपी साझा करने से होने वाले नुकसान के बारे में विस्तार से समझाया गया। उन्हें सलाह दी गई कि वे किसी भी अज्ञात लिंक पर क्लिक न करें, अपनी व्यक्तिगत जानकारी जैसे बैंक खाते का विवरण या पासवर्ड किसी से साझा न करें, और ऑनलाइन लेनदेन करते समय अत्यधिक सावधानी बरतें। साइबर अपराधों की रिपोर्ट करने के लिए हेल्पलाइन नंबरों और प्रक्रियाओं की जानकारी भी दी गई। शिविर में उपस्थित सभी वरिष्ठ नागरिकों को कानूनी और तकनीकी दोनों तरह की समस्याओं के लिए सलाह और मार्गदर्शन प्रदान किया गया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत के सरपंच, स्थानीय प्रतिनिधि वरिष्ठजन और अधिकार-मित्र स्वरूप सिंह आदि मौजूद थे। सभी ने इस पहल की सराहना की।

### पानी की निकासी नहीं होने से परेशानी

**धोरीमना**, (निसं)। धोरीमन्ना की सर्विस सडक पर पानी की निकासी नही होने से पानी भर जाने से आमजन को परेशानी का सामना करना पडता है। व्यापारियों ने बताया की अस्थाई बस स्टेशन धोरीमन्ना बाडमेर रोड गंभीर समस्याओं को देखते हुए मुख्य चौराहे से लेकर पुलिस थाना तक बारिश के समय बूंदाबांदी बारिश होने के कारण दोनों तरफ सडक ऊंची तीसरी तरफ दुकानदार और ब्रिज होने के कारण पानी की कोई निकासी नहीं है। हर समय सडक के ऊपर पानी इक्कट्ठे होकर तालाब का रूप ले लेता है। छोटे बडे वाहन चालक ओर इनके आसपास दुकानदार व इस सडक से जुडे हुए बस्तियों में आने जाने के लिए रास्ते भी बंद हो जाते है। सर्विस सडक के आसपास दुकानदारों का रोजगार चौपट हो गया है। शंकराराम भील ने कहा कि अस्पताल मे जाने के लिए मरीज का भी रास्ता बंद हो जाता है। लंबे समय तक पानी का भराव रहने के कारण कई बीमारियां फैलने की संभावना बनी रहती है। लोहारो की दुकानों में पानी भर गया मच्छरों का भरमार रहता व डेंगू मलेरिया न जाने कई प्रकार की मौसमी बीमारियां फैल सकती है। राहगीरों के लिए बिल्कुल रास्ता बंद हो जाता हैं बस स्टैंड पर घूम कर आना पड रहा है। आमजन को गंभीर समस्याओं का सामना करना पड रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि गरीब वर्ग की इस सरकार में कोई सुनवाई नहीं हो रही है। शासन प्रशासन नजरअंदाज करते रहते हैं। समस्याओं को लेकर एनसाआई अधिकारी सोनाराम इंजीनियर से बात हुई, तो उन्होंने बताया कि तत्काल ही सर्विस सडक के ऊपर से पंप द्वारा अपनी हटाया जाएगा। इस दौरान दुकानदार जगदीश कुमार सोलंकी, स्वरूप राम गर्ग, देवीलाल थोरी, खेताराम चौधरी, भीखाराम शर्मा, सुमार खान मुसलमान बस ड्राइवर टैक्सी चालक राहगीर ग्रामीण उपस्थित रहे।

### ब्रह्मचर्य का महत्व बताया

**जोधपुर**, (कासं)। चौरड़िया भवन में विराजित सुमति मुनि ने प्रवचन में कहा कि ब्रह्मचर्य सभी तपस्याओं में उत्कृस्ट तप है। जीवन को विषय भोग की आसक्ति और कषाय को जलाने के लिए ब्रह्मचर्य रूपी अग्नि का सहयोग लेना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि कई बार गलत काम को देखकर दुख होता है कि जीव ऐसे पाप कर्म क्यों कर रहा है और क्यों नरक भोगता है। हम जीवो को दु:ख में भी दु:खी करते है व सुख में भी दु:खी करते हैं। शरीर की ममता छोड़ने के लिए शरीर के दु:ख सुख में अनासक्त रहें। शरीर के ममत्व भाव से छूटने के लिए यह चिंतन आत्मसात करना होगा कि मैं शरीर नही, शरीर मेरा नहीं है, शरीर का सुख-दु:ख, संबंध अवस्था मेरी नहीं है। इससे पूर्व साध्वी ने अपने प्रवचन में कहा कि जीव जब मां के गर्भ में आकर नौ महीने रहता है ,उस समय करोड गुनी वेदना होती है। अंतगड्सूत्र में सुलसा का कथन करते हुए कहा कि उसने पूर्व भव में तीन बड़े पाप किये। दु:शील प्रवृति का विपाक भयंकर पाक भयंकर है। एक बार परस्त्री या परपुरुष की तरफ गलत नजर डालना महापाप है। इसके परिणाम स्वरूप जीव को 70 जन्मों तक अन्धापन झेलना पड़ता है। एवं यदि कार्य शराब, मांसाहार एवं जमीकंद सेवन करके करता है तो 70 जन्मों तक अंत समय में उसके शरीर के अंग सिर व घड़ अलग हो जाते है। दुर्घटनाओं का शिकार होना पड़ता है। अष्टमी एवं चौदस के दिन पूर्ण ब्रह्मचर्य पालन करने से अनेक संभावित खतरों से बच सकते हैं। परमात्मा तथा गुरुदर्शन जाते वक्त कोई भी निजी कार्य नहीं करना चाहिए। संघ के अध्यक्ष देवराज बोहरा ने बताया कि पर्यूषण पर्व को लेकर श्रावकों में जबरदस्त उत्साह छाया हुआ है। आज भी श्रावकों से पंडाल खचाखच भरा रहा। बाहर से आने वाले श्रावकों के लिए संघ की तरफ से व्यवस्था की गई है।


### पानी के टैंकर की टक्कर से बच्चे घायल

**जोधपुर**, (कासं)। जोधपुर के बालेसर में गुरुवार को बड़ा हादसा हो गया। यहां पानी की सप्लाई करने वाला टैंकर निजी स्कूल के ई-रिक्शा में जा घुसा। हादसे में कई बच्चे घायल हो गए। वहीं कुछ की हालत गंभीर बताई जा रही है। घटना बालेसर के उटाम्बर गांव की है। ग्रामीणों ने बताया कि गुरुवार को एक निजी स्कूल की छुट्टी होने बाद बच्चे ई-रिक्शा से अपने घर जा रहे थे। इधर ई-रिक्शा चालक ने एक बच्चे को उतारने के लिए गाड़ी रोकी। पीछे से तेज गति से आ रहे पानी के टैंकर ने ई-रिक्शा को चपेट में ले लिया। मौके पर चीख-पुकार मच गई। कई बच्चों को चोटें आईं हैं। 3 से 4 बच्चे गंभीर बताए जा रहे हैं। सूचना पर बालेसर और आगोलाई पुलिस पहुंची। इसके बाद ग्रामीणों की मदद से घायल बच्चों को ई-रिक्शा में से निकाला गया। पुलिस ने बताया कि घटना के बाद तुरंत 108 को सूचित किया गया। घायल बच्चों को पीएचसी आगोलाई भेजा गया। जहां बच्चों का प्राथमिक उपचार किया गया। वहीं गंभीर रूप से घायल बच्चों को जोधपुर के मथुरादास माथुर अस्पताल रेफर किया गया है। पुलिस ने पानी के टैंकर को कब्जे में ले लिया है। चालक पुलिस हिरासत में है।

### आरएलपी की सदस्यता ली

**रेवदर**, (निसं)। रेवदर के निकट खोडा बाबा मंदिर परिसर में राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी (आर.एल.पी.) की बैठक हुई। इस मौके पर अनेक युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

# सिक्किम के राज्यपाल ओम प्रकाश माथुर पाली पहुंचे



सिक्किम के राज्यपाल ओम प्रकाश माथुर ने सुभाष लोढ़ा शांति नगर गजानंद सोसायटी पहुंच कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। फोटो-राष्ट्रदूत

**पाली**, (नि.सं.)। सिक्किम के राज्यपाल ओम प्रकाश माथुर आज गुरूवार को पाली आये। राज्यपाल माथुर के पाली पहुचने पर जिला कलैक्टर एलएन मंत्री और जिला पुलिस अधीक्षक पूजा अवाना ने उनका स्वागत व अगवानी की।

इस अवसर पर सर्किट हाउस में राज्यपाल माथुर को पुलिस द्वारा गार्ड ऑफ आनर भी दिया गया। इस अवसर पर जिला कलक्टर मंत्री व पुलिस अधीक्षक पूजा अवाना व पुलिस प्रशासन के अधिकारी मौजूद रहे। राज्यपाल माथुर ने सुभाष लोढ़ा शांति नगर गजानंद सोसायटी पहुंच कर उनकी पत्नी के निधन पर दिवंगत आत्मा को श्रृद्धांजलि दी और शोक संवेदना व्यक्त की और परिजनों से मिले।

## योजनाओं व कार्यों की समीक्षा

**जालोर**, (कासं)। संभागीय आयुक्त डॉ. प्रतिभा सिंह की अध्यक्षता में गुरुवार को कलेक्ट्रेट में विभागीय अधिकारियों के साथ केन्द्र व राज्य सरकारी की फ्लैगशिप तथा बजट घोषणाओं की समीक्षा बैठक संपन्न हुई।

इस अवसर पर ज़िला कलक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे, मुख्य आयोजना अधिकारी महेश चावला, आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग के उप निदेशक डॉ. धनसिंह राजपुरोहित, मुख्य जिला शिक्षाधिकारी गंगा कलावंत, बाल अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक राजीव सुथार सहित अधिकारी-कार्मिक उपस्थित रहे।

डॉ. प्रतिभा सिंह ने केन्द्र व राज्य सरकारी की विभिन्न फ्लैगशिप योजनाओं तथा बजट घोषणा वर्ष 2025-26 व 2024-25 की क्रियान्वयन प्रगति की समीक्षा करते हुए कहा कि संबंधित विभागीय अधिकारी बजट घोषणाओं की क्रियान्विति प्राथमिकता के साथ सुनिश्चित करते हुए निर्धारित समय सीमा में कार्य पूर्ण करें। उन्होंने बजट घोषणाओं के तहत ग्राम पंचायतों में अटल ज्ञान केंद्र निर्माण, युवाओं में नशे की रोकथाम हेतु ज़िले के महाविद्यालयों में नई किरण नशा मुक्ति केंद्र की स्थापना, आहोर में नवीन कन्या महाविद्यालय, जिले के प्रत्येक ब्लॉक पर महिलाओं को आत्मरक्षा के गुर सिखाने हेतु रानी लक्ष्मीबाई केंद्र, राजकीय विद्यालयों में अटल टिकरिंग लैब, सांचौर नगर में सीवरेज संबंधी कार्य, जाजूसन में 33/11 केवी जीएसएस निर्माण कार्य, नून ग्राम में एयर स्ट्रिप की मरम्मत, रख रखाव एवं उन्नयन कार्य, जालोर शहर में रिंग रोड निर्माण कार्य, 5 हजार से अधिक आबादी वाले ग्रामीण क्षेत्रों में अटल प्रगति पथ निर्माण, केशवना में घुमंतु-अर्द्धघुमंतु समुदाय के बच्चों के लिए छात्रावास का निर्माण, सांचौर में एग्रो फूड पार्क सहित केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं यथा पंडित दीनदयाल उपाध्याय गरीबी मुक्त गांव योजना, मिड-डे-मिल कार्यक्रम, स्ट्रीट वेंडर्स हेतु प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, गुरु गोलवलकर आकांक्षी ब्लॉक योजना, पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना, अमृत 2.0, पंच गौरव योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के संबंध में बिंदुवार चर्चा कर निर्देश दिए।

## अवैध पार्किंग वसूलने के 11 आरोपी पकड़े

**जैसलमेर/रामदेवरा**,(नि.सं.)। जिले के रामदेवरा में पार्किंग के नाम पर वसूली का मामला सामने आने के बाद पुलिस व प्रशासन एक्टिव हो गया है। अब जातरुओं की सुरक्षा को लेकर पुलिस भी अलर्ट हो गई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार रामदेवरा पुलिस ने श्रद्धालुओं के साथ अभद्रता करने, छीना झपटी करने व लपका गिरी करने वाले 11 आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

पकड़े गए ज्यादातर लपकों में दुकानदार भी शामिल है, जो अपनी दुकानों से प्रसाद लेने के लिए जातरुओं के साथ जबरदस्ती करते थे।

रामदेवरा थाना प्रभारी महादेव गोदारा ने बताया कि 11 लोगों को धारा 126, 170 बीएनएसएस 2023 में गिरफ्तार किया गया है।

रामदेवरा में कानून एवं शान्ति व्यवस्था बनाए रखने के लिए श्रद्धालुओं के साथ लपका गिरी करने वालों के खिलाफ लगातार कार्रवाई जारी है।

# सी.सी.टी.वी. कैमरा का उद्घाटन कार्यक्रम संपन्न



जालोर शहर के पास बाकरा रोड के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में सी.सी.टी.वी. कैमरों का उदघाटन हुआ। फोटो-राष्ट्रदूत

**जालोर**, (कासं)। जालोर शहर के निकट बाकरा रोड के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में मुख्य अतिथि जेताराम मेघवाल,विशिष्ट अतिथि मीठालाल मेघवाल एवं स्थानीय विद्यालय के प्रधानाचार्य राजशेखर गर्ग के हाथों सीसीटीवी कैमरो का उद्घाटन किया गया।

भामाशाह मीठालाल मेघवाल बाकरा गांव की तरफ से स्थानीय विद्यालय में स्थापित सीसीटीवी कैमरे के संपूर्ण सेटअप का उद्घाटन किया गया है। इस अवसर पर छतराराम , अमृतलाल शिवदत्त चारण, श्रवण कुमार, नरेश गुर्जर, नीरू व्यास, गौरी बाला लोकेशी, राजेश कुमार, यशवंत कुमार, रमेश कुमार, हकीम खां, आशाराम नागजीराम आदि मौजूद रहे।

## पोस्टर जारी

**पाली**, (नि.सं.)। कलेक्टर एलएन मंत्री ने आज 29 अगस्त को बांगड़ कॉलेज में आयोजित होने वाले एक दिवसीय रोजगार सहायता शिविर के पोस्टर का विमोचन किया। जिला रोजगार अधिकारी मनीष थोरी ने बताया कि ये शिविर सुबह 10 बजे से 3 बजे तक आयोजित होगा। शिविर में निजी क्षेत्रो की 15 से ज्यादा विभिन्न कंपनियों को बुलाया जा रहा है।

### कार्यालय नगर निगम, पाली (राज.)

(लालबहादुर शास्त्री टाऊन हॉल, सुरजपोल के पास, पाली-मारवाड़, राज0, पिनकोड-306401)
(टेली-फेक्स:- 02932-221301, ई-मेल:-cmcpali@yahoo.co.in, वेब-साईट www.cmcpali.com)

क्रमांक प.8 ( ) अन्यकर/2025/1410 दिनांक :- 19.08.2025

**आम सूचना**

कार्यालय नगर निगम पाली क्षैत्र में वर्ष 2025-26 के लिये राजस्थान सरकार स्वायत्त शासन विभाग के अधिसूचना क्रमांक 9329 दिनांक 22.10.2024 द्वारा राजस्थान नगर पालिका अधिनियम, 2009 की धारा 337 के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए राज्य सरकार एतद्द्वारा नगर निगम पाली क्षैत्र में डेयरी बूथ प्रथम चरण में कुल 19 डेयरी बूथ स्थापित किये जाने हेतु स्थलों का चयन किया गया हैं। इसकी विस्तृत सूची कार्यालय नगर निगम पाली के अन्यकर शाखा में कार्यालय समय में देखी जा सकती हैं। इच्छुक व्यक्ति सूचना प्रकाशन के 07 दिवस भीतर निर्धारित प्रपत्र में समस्त दस्तावेजों के साथ आवेदन कर सकते हैं। बाद म्याद गुजरने पर प्राप्त प्रपत्रों के अतिरिक्त पर विचार नहीं किया गया जायेगा।

सो सूचित रहें।

राज.संवाद/सी/25/8493 आयुक्त

### कार्यालय नगर पालिका बिलाड़ा जिला-जोधपुर

कमांक-नपाबि/भवन निर्माण व नामान्तरण/2025-26/1884 दिनांक :- 19.08.2025

**आम आपति सूचना**

| क्र. सं. | आवेदक का नाम व पिता का नाम | जाति | पता | वर्गमीटर | उत्तर | दक्षिण | पुर्व | पश्चिम | विवरण |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | श्रीमती मीना सोनी पति श्री राजू | सोनी | चावण्डा कॉलोनी | 58.07 | श्रीमती आयचुकी पत्नी हरलाल विश्नोई का मकान है। | प्लोट का निकाल व आगे रास्ता आया हुआ है। | जोगाराम लेरचा का मकान है। | प्लोट का निकाल व आगे रास्ता आया हुआ है। | भवन निर्माण/नामान्तरण |
| 2.. | श्रीमती ममता पुत्री श्री श्यामलाल | छीपा | न्यू लाईट कॉलोनी बिलाडा | 185.87 | प्लोट का निकाल व 20 फिट चौड़ा रास्ता स्थित है। | श्री बालुराम जी सीरवी का प्लोट स्थित है। | प्लोट का निकाल व 20 फिट चौड़ा रास्ता स्थित है। | श्रीमती हस्तुडी की भुमि है। | भवन निर्माण/नामान्तरण |
| 3. | भगवती लाल पुत्र श्री सोहनलाल जी | सोनी | सिद्वि विनायक नगर विस्तार बिलाडा | 139.35 | प्लोट सख्या 97 स्थित है। | प्लोट सख्या 99 स्थित है। | प्लोट सख्या 92 स्थित है। | प्लोट का निकाल व 30 फिट चौड़ा रास्ता स्थित है। | भवन निर्माण/नामान्तरण |
| 4 | मदन लाल पुत्र श्री गणेश राम | मेघवाल | मेघवालो का बडा बास बिलाडा | 49.46 | दयाल राम पुत्र स्व. श्री बचनाराम का मकान स्थित है। | बीजाराम जी बोचावत का मकान स्थित है। | बग्गाराम जी भाटी का मकान स्थित है। | आम गली व मकान का निकाल स्थित है। | नामान्तरण |
| 5. | श्री राजेश कुमार पुत्र श्री हीरालाल जी | सीरवी | बढेर के अन्दर बिलाडा | 24.02. | निकाल व गली | जयराम का मकान व हथाई | गली व रास्ता | भंवरलाल का मकान | नामान्तरण |
| 6. | अमृतराज पुत्र श्री सोहन लाल | सोनी | सिद्वि विनायक नगर बिलाडा | 139.40 | प्लोट सख्या 146 स्थित है। | प्लोट सख्या 144 स्थित है। | प्लोट सख्या 138 स्थित है। | प्लोट का निकाल व 30 फिट चौड़ा रास्ता स्थित है। | भवन निर्माण |
| 7 | श्रीमती चम्पा देवी पत्नी श्री बाबुलाल रेगर | रेगर | इन्द्रा कॉलोनी | 92.90 | पोकर राम का प्लोट है। | सुवा का प्लोट है। | निकाल व आम रास्ता है। | रास्ता है। | नामान्तरण |

इसलिए, इसके द्वारा समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति के पास राजस्थान नगर पालिका अधिनियम 2009 की धारा भवन निर्माण /नामान्तरण के अधीन पूर्ण अधिकार अभिप्राप्त करने के लिए नगर पालिका के पक्ष में आवेदक द्वारा निर्माण /नामान्तरण के अधिकार अभ्यर्पण करने की अनुज्ञा की मंजूरी के सम्बन्ध में कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 07 दिवस के भीतर किसी भी कार्यदिवस पर कार्यालय में अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा।

उपर्युक्त नियत समय के भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जावेगा कि किसी व्यक्ति को कोई आक्षेप नहीं है और मामले का तदनुसार निपटारा किया जायेगा।

राज.संवाद/सी/25/8490 अधिशाषी अधिकारी

RIICO GROW WITH RAJASTHAN
राजस्थान सरकार का उपक्रम
RISING RAJASTHAN REPLETE • RESPONSIBLE • READY

औद्योगिक क्षेत्रों में संस्थानिक/ वाणिज्यिक/ ग्रुप हाउसिंग एवं गैर औद्योगिक भूखण्डों का
सरल ई-नीलामी के माध्यम से
आवंटन




अन्तिम 4 दिन शेष

कुल भूखण्ड 442 | अस्पताल/ नर्सिंग होम/ डिस्पेंसरी 16 | व्यावसायिक भूखण्ड 120 | आवासीय/ ग्रुप हाउसिंग 79 | वे ब्रिज 09
दुकान 161 | होटल 14 | पेट्रोल पम्प/ CNG स्टेशन 10 | स्कूल 07 | संस्थानिक 16

ईएमडी अंतिम तिथि: 25 अगस्त, 2025 (सायं 06:00 बजे)
ऑनलाइन बिड प्रारम्भ तिथि: 26 अगस्त, 2025 (प्रात: 10:00 बजे) अंतिम तिथि: 28 अगस्त, 2025 (सायं 05:00 बजे)
29 आबू रोड़ | 07 चूरू | 14 अजमेर | 15 बीकानेर | 10 अलवर | 12 झुंझुनू | 13 भिवाड़ी-I | 12 भरतपुर | 29 भिवाड़ी-II | 04 बांसवाडा | 17 घिलोठ | 32 भीलवाड़ा | 08 दौसा | 18 नीमराना

ईएमडी अंतिम तिथि: 26 अगस्त, 2025 (सायं 06:00 बजे)
ऑनलाइन बिड प्रारम्भ तिथि: 27 अगस्त, 2025 (प्रात: 10:00 बजे) अंतिम तिथि: 29 अगस्त, 2025 (सायं 05:00 बजे)
01 नागौर | 21 उदयपुर | 02 पाली | 26 जयपुर (उत्तर) | 20 झालावाड़ | 08 जयपुर (दक्षिण) | 05 मंडोर | 11 जयपुर (ग्रामीण) | 09 राजसमंद | 06 ईपीआईपी सीतापुरा, जयपुर | 12 कोटा | 14 जोधपुर | 05 सीकर | 06 श्रीगंगानगर | 22 बोरानाडा | 28 सवाई माधोपुर | 26 किशनगढ़

*25% भुगतान के बाद, शेष 75% भुगतान 11 किश्तों में 8.5% ब्याज के साथ या 120 दिनों के भीतर ब्याज रहित भुगतान

आवेदन के लिए QR कोड स्कैन करें

राज.संवाद/सी/25/8545

राजस्थान स्टेट इण्डस्ट्रियल डवलपमेन्ट एण्ड इन्वेस्टमेन्ट कॉर्पोरेशन लिमिटेड
उद्योग भवन, तिलक मार्ग, सी-स्कीम, जयपुर-302005
ई-नीलामी हैल्पलाइन नं. 0141-4593250, 4593237, व्हाट्सएप: +91 9001306515, ई-मेल: riico@riico.co.in
आवंटन से सम्बंधित नियमों एवं शर्तें, ईएमडी विवरण, रजिस्ट्रेशन एवं भूखण्ड से सम्बंधित जानकारी के लिए देखें
https://riico.rajasthan.gov.in या https://www.riico.co.in